अतः हमारी परिकल्पना " **गोंड जनजाति के शहरी एवं ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों की सामाजिक आर्थिक स्तर में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।" अस्वीकृत होती है।**

इसका कारण यह है कि शहरी परिवेश के विद्यार्थियों को शिक्षा की उचित सुविधायें प्राप्त होती है किंतु ग्रामीण परिवेश में सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधायें उपलब्ध नहीं हो पाती है। साथ ही साथ ग्रामीण परिवेश में पालक अशिक्षित होते हैं। वे सदैव खेती पर ही निर्भर रहते हैं, और अपने दैनिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिये प्रयासरत् रहते हैं, तथा अपने बच्चों को भी आर्थिक सहायता करने के लिये काम पर भेजते हैं। इसके साथ साथ गोंड जनजाति के ग्रामीण परिवेश के बच्चे अधिकांशतः जंगल में निवास करते हैं जिनका मुख्य रोजगार जंगल से सामग्री एकत्रित करना, खेती करना, दस्तकारी का कार्य करना, जानवर चराना, आदि होता है। इसलिये उनकी आमदनी भी ज्यादा नहीं होती है। जिसके कारण उनकी सामाजिक आर्थिक स्तर अच्छा नहीं होता है। इसलिये दोनों परिवेश के विद्यार्थियों के सामाजिक आर्थिक स्तर में सार्थक अंतर पाया जाता है।

**तालिका क्रमांक 2**
**लिंग के आधार पर गोंड जनजाति के विद्यार्थियों के सामाजिक आर्थिक स्तर का सांख्यिकीय विश्लेषण**

| क्र. | सामाजिक आर्थिक स्तर | N | M | SD | टी–मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छात्र | 400 | 43.27 | 8.18 | 0.69 |
| 2. | छात्रा | 400 | 43.72 | 10.18 | |
| **df = 798, P > 0.05, सार्थक अंतर नहीं** | | | | | |

उपरोक्त तालिका क्रमांक 2 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि गोंड जनजाति के कक्षा 8वीं के छात्रों की सामाजिक आर्थिक स्तर का मध्यमान 43.27 व प्रमाणिक विचलन 8.18 तथा छात्राओं के सामाजिक आर्थिक स्तर का मध्यमान 43.725 व प्रमाणिक विचलन 10. 18 है तथा दोनों के मध्य टी मूल्य 0.69 प्राप्त हुआ जो कि स्वतंत्रता की कोटी 798 पर 0.01 सार्थकता स्तर पर सारणी मान (1.98) से कम है। इससे स्पष्ट होता है कि छात्र एवं छात्राओं के सामाजिक आर्थिक स्तर में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

अतः हमारी परिकल्पना " **गोंड जनजाति के छात्र एवं छात्राओं विद्यार्थियों की सामाजिक आर्थिक स्तर में सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।" स्वीकृत होती है।**

इसका कारण यह है कि छात्र एवं छात्राओं के सामाजिक आर्थिक स्तर में सार्थक अंतर नहीं पाया गया क्योंकि उनके माता पिता स्वयं अशिक्षित होते हैं तथा वे अपने पाल्यों को शिक्षा के लिये प्रेरित नहीं कर पाते अपितु वे अपने ही व्यवसाय में अपने बच्चों को भी भाग लेने को कहते हैं।

---

संदर्भः

एशु एवं फैन (.2008).माता–पिता का सामाजिक आर्थिक स्थिति का छात्र की शैक्षिक उपलब्धियों के बीच संबंध पर अध्ययन.www.questia.com/leb/journal/IP3-2723967591

बैरी, जे. (2006). वैयक्तिक शैक्षिक उपलब्धि पर षालेय सामाजिक आर्थिक स्थिति के प्रभाव का अध्ययन *लघुशोध प्रबंध, विचिता विश्वविद्यालय.*

शाह, बी. (2012).*इंडियन जर्नल ऑफ एप्लाइड रिसर्च.* **2(2).**

सुब्बुराम, सी. एवं अनंतसय्यनम (2000). ***इंटरनेशनल जर्नल लैंग्वेज सोसाइटी एंड कल्चर.***

वल्लीमलाय,एस.के. (2012).***इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एकैडमिक रिसर्च इन बिजनेस एंड सोशल सांइस.*** **2(8).**

Mind and Society ISSN 2277-6907
Vol. 7, No. I & II , March & Jun 2018 Page 25-28

# मानसिक स्वास्थ्य का परिवेश एवं लिंग के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन

*कु. दुर्गावती मिश्रा
**डॉ. प्रमोद कुमार नायक

Received 13 May 2018 | Reviewed 17 May 2018 | Accepted 20 May 2018

*व्यक्ति किसी भी तरह की मानसिक बीमारी से मुक्त होता है तो उसे मानसिक रूप से स्वस्थ समझा जाता है और उसकी इस अवस्था को मानसिक स्वास्थ्य की संज्ञा दी जाती है प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य का परिवेश एवं लिंग के आधार पर अध्ययन करना है। न्यादर्ष के रूप में दुर्ग एवं रायपुर जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 800 विद्यार्थियों का चयन गैर आनुपातिक स्तरीकृत यादृच्छिक विधि से किया गया है। मानसिक स्वास्थ्य के मापन के लिये प्रमोद कुमार द्वारा निर्मित मानसिक स्वास्थ्य मापनी का उपयोग किया गया। शुन्य परिकल्पना के सत्यापन हेतु आंकड़ों के विष्लेशण के लिये सांख्यिकीय के रूप में मध्यमान, प्रमाणिक विचलन एवं टी–मूल्य का उपयोग किया गया है। अध्ययन के परिणाम बताते है कि जहां विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर शहरी एवं ग्रामीण परिवेश का कोई सार्थक प्रभाव नही देखा गया वहीं लिंग का सार्थक प्रभाव रहा। परिणामों से ज्ञात होता है कि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का स्तर छात्राओं से अधिक पाया गया।*

**भूमिकाः**

वर्तमान वैज्ञानिक युग में राष्ट्र की उन्नति उसके शैक्षिक तंत्र पर निर्भर करती है। आवाज़ एवं गुणात्मक शैक्षिक तंत्र के बिना कोई भी राष्ट्र विकसित देशों की श्रृंखला में स्थान नहीं पा सकता। शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है, जो पालने से प्रारंभ होकर जीवन के अंत तक चलती है। भारत जैसे विकासशील देश में प्रत्येक क्षेत्र में लगभग संसाधनों की अत्यंत कमी होती है जो व्यक्ति को अपने जीवनकाल में आवश्यकताओं की पूर्ति करने में कठिनता महसूस कराती है।

सामान्यतः यह समझा जाता है कि जब व्यक्ति किसी भी तरह की मानसिक बीमारी से मुक्त होता है तो उसे मानसिक रूप से स्वस्थ समझा जाता है और उसकी इस अवस्था को मानसिक स्वास्थ्य की संज्ञा दी जाती है लेकिन कुछ चिकित्सकों का मत है कि मानसिक स्वास्थ्य को मानसिक बीमारी की अनुपस्थिति कहना बहुत ही उपयुक्त नहीं दिख पड़ता है क्योंकि मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति में भी कभी–कभी मानसिक बीमारी के लक्षण जैसे आवेगशीलता, सांवेगिक अस्थिरता,

** सहायक प्राध्यापक, स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, हुडको भिलाई (छ.ग.)*
*** प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता, शिक्षा शास्त्र, डॉ. सी.वी.रमन विश्वविद्यालय, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.)*

अनिद्रा आदि के लक्षण दिखाई पड़ते हैं। कार्ल मेनिगर (1945) के अनुसार "मानसिक स्वास्थ्य अधिकतम खुशी तथा प्रभावशीलता के साथ वातावरण एवं उसके प्रत्येक दूसरे व्यक्ति के साथ मानव समायोजन है – वह एक संतुलित मनोदशा, सतर्क बुद्धि, सामाजिक रूप से मान्य व्यवहार तथा एक खुशमिजाज बनाए रखने की क्षमता है।"

मित्तल (2008) ने उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि का मानसिक स्वास्थ्य पर परिवेश के संबंध पर अध्ययन किया। किंग एवं चावला (2009) ने ग्रामीण परिवेश के किशोर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर अध्ययन किया। आर्या एवं गुनेल (2011) ने किशोरों के सांवेगिक स्वास्थ्य पर स्कूल के वातावरण के कारण पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया। कटचर एश्लेबी (2012) ने मानसिक स्वास्थ्य एवं शाला वातावरण माध्यमिक शालाएँ, प्रगति एवं देखभाल के तरीके पर अध्ययन किया। विश्वनाथ (2014) ने किशोर विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर लिंग, परिवेश एवं परिवार के प्रकार के प्रभाव पर अध्ययन किया।

**उद्देश्य:**

✦ उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य का परिवेश के आधार पर अंतर का अध्ययन करना।

✦ उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य का लिंग के आधार पर अंतर का अध्ययन करना।

**परिकल्पना:**

✦ $\mathbf{H_{01}}$ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में परिवेष के आधार पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

✦ $\mathbf{H_{02}}$ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में लिंग के आधार पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।

**न्यादर्श:**

प्रस्तुत शोध में न्यादर्श के रूप में दुर्ग एवं रायपुर जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 800 विद्यार्थियों का चयन गैर आनुपातिक स्तरीकृत यादृच्छिक विधि से किया गया है।

**उपकरण:**

प्रस्तुत शोध में मानसिक स्वास्थ्य के मापन के लिये प्रमोद कुमार द्वारा निर्मित मानसिक स्वास्थ्य मापनी का उपयोग किया गया।

**सांख्यिकीय विश्लेषण:**

प्रस्तुत शोध में आंकड़ों के विश्लेषण के लिये सांख्यिकीय के रूप में मध्यमान, प्रमाणिक विचलन एवं टी–मूल्य का उपयोग किया गया है।

**परिणामों की विवेचना:**

प्रस्तुत परिकल्पना की जाँच हेतु दुर्ग एवं रायपुर जिले के 800 ग्रामीण एवं शहरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को चयनित किया गया है। आंकड़ों के स्पष्टीकरण के लिये मध्यमान, प्रमाणिक विचलन तथा टी मूल्य की गणना की गई जिसे अधोलिखित तालिका क्रमांक 1 – 2 में दर्शाया गया है।

तालिका क्रमांक 1
शहरी एवं ग्रामीण परिवेश के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य का सांख्यिकीय विश्लेषण

| क्र.. | परिवेश | N | M | SD | टी–मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शहरी परिवेश | 400 | 19.34 | 5.355 | 0.51 |
| 2. | ग्रामीण परिवेश | 400 | 19.53 | 5.00 | |
| df = 798, P > 0.05, सार्थक अंतर नहीं | | | | | |

उपरोक्त तालिका क्रमांक 1 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि शहरी परिवेश के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य का मध्यमान **19.34** व प्रमाणिक विचलन **5.355** तथा ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य का मध्यमान **19.53** व प्रमाणिक विचलन **5.00** है तथा दोनों के मध्य टी मूल्य **0.51** प्राप्त हुआ जो कि स्वतंत्रता की कोटी **798** पर **0.05** सार्थकता स्तर पर सारणी मान (**1.98**) से कम है। इससे स्पष्ट होता है कि शहरी एवं ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

अतः हमारी परिकल्पना **"उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में परिवेश के आधार पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।" स्वीकृत होती है।**

इसका कारण यह हो सकता है कि माता–पिता चाहे वे ग्रामीण परिवेश के हों या शहरी परिवेश के वे अपने बच्चों से प्रेम पूर्वक व्यवहार करते हैं तथा उनकी उचित परवरिश करते हैं, जिससे की बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसके साथ साथ दोनों परिवेष के पालक यह प्रयास करते हैं कि उनके पाल्यों को अच्छा पारिवारिक वातावरण मिले जिनसे उनका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा हो।

तालिका क्रमांक 2
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों (छात्र–छात्राऐं) के मानसिक स्वास्थ्य का सांख्यिकीय विश्लेषण

| क्रं. | लिंग | N | M | SD | टी–मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | छात्र | 400 | 20.26 | 5.45 | 4.55 |
| 2. | छात्राऐं | 400 | 18.615 | 4.74 | |
| df = 798, P < 0.01 सार्थक अंतर | | | | | |

उपरोक्त तालिका क्रमांक **2** के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का मध्यमान **20.26** व प्रमाणिक विचलन **5.45** तथा छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य का मध्यमान **15.61** व प्रमाणिक विचलन **4.74** है तथा दोनों के मध्य टी मूल्य **4.55** प्राप्त हुआ जो कि स्वतंत्रता की कोटी **798** पर **0.01** सार्थकता स्तर पर सारणी मान (**2.56**) से अधिक है। इससे स्पष्ट होता है कि छात्र एवं छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य में सार्थक अंतर पाया गया।

अतः हमारी परिकल्पना **"उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में लिंग के आधार पर सार्थक अंतर नहीं पाया जायेगा।" अस्वीकृत होती है।**

उपरोक्त परिणामों से ज्ञात होता है कि छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य छात्राओं से अधिक पाया गया क्योंकि भारतीय परिवेश में छात्रों को शिक्षा, सुविधायें आदि सभी प्राप्त होते हैं, किंतु आज भी कुछ पुरानी मानसिकता वाले पालक छात्र एवं छात्रा में भेद करते हैं, जिनसे की छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य में अंतर पाया जाता है।

संदर्भः

Kang, T. & Chawala, A. (2009). Mental health: A study of rural adolescents. ***Journal of All India Association for Educational Research,*** 21 (1), 81 – 82.

Kornhauser, A. (1965). **Mental health of the industrial worker: A Detroit study:** New York: Wiley.

Kutcher, S. Weiy (2012). Mental health and the school environment secondary school, promotion and pathways to care. ***Curropin Psychiatry*,** 25(4), 311 – 316.

Mittal (2008). Academic achievement of secondary level students in relation to their mental health and locality.***Journal of Teacher Education and Research*,** 8 (10), 10 – 16.

Viswanatha, P. (2014). Impact of gender locality and type of family oh mental health among adolescents.*GJPA* – ***Global Journal for Research Analysis*,** 3(1), 68– 70.

.

Whittaker, J.O. (1970). **Introduction to Psychology**. *Tokyo:* ***W.B. Saunders Company.***

✦

Mind and Society ISSN 2277-6907
Vol. 7, No. I & II , March & Jun 2018 Page 29-32

# रायगढ़ रियासत में उत्तरदायी शासन की स्थापना तथा संवैधानिक विकास

## (स्वतंत्रता प्राप्ति पूर्व)

*डॉ. ऋषिराज पाण्डेय

| Received | Reviewed | Accepted |
|---|---|---|
| 15 March 2018 | 03 March 2018 | 26 March 2018 |

*रायगढ़ रियासत में उत्तरदायी शासन की स्थापना तथा संवैधानिक विकास (स्वतंत्रता प्राप्ति हुई)*

*रायगढ़ रियासत का प्रारंभिक इतिहास बहुधा स्पष्ट नहीं है तथापि परंपरागत सूचनाओं के आधार पर रायगढ़ का राजवंश चांदा महाराज के राज गोड़ राजवंश से संबंध रखता है। रियासत के संस्थापक मदन सिंह थे। रायगढ़ रियासत के शासक रतनपुर के हैदयवंशी शासक महराजा पटना, महराजा संबलपुर मराठे तथा ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की अधीनता में शासन किये पश्चात भारत की आजादी के समय भारतीय संघ में विलीन हो गई।*

*रायगढ़ विरासत का प्रशासन राजा केन्द्रीय संख्या दरबार के माध्यम से संचालित कदम था। दीवान तथा सहायक दीवान उसके सहयोगी थे। प्रशासन को खुशनुरूप संवारने शासन परिषद, राज्य परिषद कार्यकारिणी परिषद और विधानसभा का गठन किया गया।*

रायगढ़ रियासत का प्रारंभिक इतिहास बहुत स्पष्ट नहीं है, तथापि परंपरागत सूचना के आधार पर रायगढ़ का राजवंश चांदा (महाराष्ट्र) के राजगोड़ राजवंश से संबंध रखता है। रियासत का संस्थापक मदन सिंह चांदा जिले के एक गांव वैरागढ़ से यहां आया था। वह सर्वप्रथम रायपुर जिले के फुलझर नामक स्थान पर रूका जहां उसका मामा निवास करता था यहां से वह बांगा (रायगढ़ रियासत का एक गांव बुनगा) चला गया। कुछ कारणवश उसने बांगा का भी त्याग कर दिया और रायगढ़ चला आया तथा फिर लौटकर उसके सीमा तक में पैर नहीं रखा जिसे त्यागकर वह रायगढ़ चला आया था। इस तरह मदन सिह ने इस वंश की नींव डाली।[1] रायगढ़ रियासत के शासन वास्तविक स्वतंत्र सत्ता की उपयोग कभी नहीं कर सके। प्रारंभ में वे रतनपुर के हैहयवंशी शासकों के अधीन थे तथा उन्हें वार्षिक नजराना या कर का भुगतान करते थे कालांतर में यह रियासत क्रमशः महाराजा पटना और महाराज संबलपुर की अधीनता में चली गई तथा इनकी गणना संबलपुर के अठारह गढ़जात राज्यों में की जाने लगी। जब मराठों में अठारहवीं शताब्दी के मध्यम छत्तीसगढ़ पर भ्रमण किया तथा मराठों की अधीनता में आ गई तथा यहां के शासक मराठों को वार्षिक टकोली अदा करने लगे।

19वीं शताब्दी के प्रारंभ जब नागपुर के भौरालों की शक्ति कमजोर होने लगी थी तो स्थिति का लाभ उठाकर रायगढ़ के तत्कालीन शासक जुझार सिंह ने सन् 1800 में अंग्रेज के साथ राजनैतिक संबंध किये। परिणामस्वरूप रायगढ़ रियासत मराठों की अधीनता के

*सहायक प्राध्यापक, इतिहास, शासकीय गजानंद अग्रवाल, स्नातकोत्तर महाविद्यालय भटापारा (छ.ग.)

निकल ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की अधीनता में आई। तब से लेकर भारतीय संघ के विलय होने तक यह रियासत ब्रिटिश सरकार एवं भारत सरकार की अधीनता में बनी रही। अधीनता को सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटिश शासन द्वारा सन् 1867 ई. तथा 1937 ई. में रायगढ़ रियासत का सनद देकर सामती रियासत के रूप में मान्यता प्रदान की गई।

रायगढ़ रियासत का परसीमन राजा के अधीन बना रहा। यह एक केन्द्रीय संस्था द्वारा जिसे दरबार कहा जाता था। संचालित होता था दरबार में राजा दीवान सहायक दीवान तथा विभिन्न शासन परिषदे संभावित थी, जिसका संबंध संपूर्ण प्रशासन से था।[2]

राजा अपने दरबार प्रधान एवं प्रशासन का सर्वोच्च अधिकारी होता था। एक प्रकार से राजा की स्थिति रियासत के संवैधानिक प्रमुख की तरह होती थी। प्रशासनिक कार्यो में राजा की सहायता के लिए दीवान और सहायक दीवान होते थे।[3]

चूंकि ब्रिटिश सरकार को यह अधिकार प्राप्त था कि कुप्रशासन की स्थिति में रियासत का प्रशासन कोर्ट आफ वार्डस के अंतर्गत ले लिया जायेगा, अतः अनेक राजा अपनी ओर से प्रशासनिक कार्यो के प्रति जागरूक होते थे। यथा रायगढ़ रियासत में राजा भूपदेव सिंह तथा उनके दीवान जयाराम मिश्र ने अपनी प्रशासनिक योग्यता के रियासत के प्रशासन में सुधार कर कृषि, व्यापार और वाणिज्य के विकास के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित की। उनकी प्रशासनिक योग्यता तथा अर्जित सफलताओं की प्रशंसा तत्कालीन ब्रिटिश अधिकारियों ने भी की।[4] इसके पूर्व रघुनाथ तथा यादोराव ने दीवान के रूप में अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निवर्हन किया था।[5]

तथापि राजा नटवर सिंह के कार्यकाल में सन् 1917 से इस रियासत का प्रबंध कोर्ट ऑफ वार्डस के अंतर्गत रहा। अतः इस अवधि में ब्रिटिश सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी क्रमशः आत्मराम साहू[6] (1917) रावसाहब ठाकुर उमराव सिंह [7] (1918), खान साहब अकबर खां [8] (1922) तथा पंडित गौरीशंकर अग्निहोत्री[9] ने प्रशासक के रूप में कार्य कर राजा तथा दीवान की शक्तियों का प्रयोग किया। सन् 1928 में गौरीशंकर अग्निहोत्री के अवकाश पर चले जाने के कारण कुछ समय के लिए रामानुज प्रसाद इस रिसायत के प्रशासक रहे।[10] इस अवधि में अलपवयस्क राजा चक्रधर सिंह के प्रशिक्षण हेतु ब्रिटिश सेवा में कार्यरत तहसीलदार परमानंद चौबे को राजा का प्रशिक्षण नियुक्त किया गया।[11] राजा चक्रधर सिंह के कार्यकाल में बलदेव प्रसार मिश्र डी. लिट अत्यंत लोकप्रिय दीवान थे, वे 1939–40 तक इस पद पर रहे उनकी प्रशासनिक प्रतिभा से रियासत को काफी लाभ हुआ, जो प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति हुई।[12] तत्पश्चात रायबहादुर एम.जी.र्धु एम.ए. एल.एल.बी. राजोराज सिंह बी.ए.एल.एल.बी. तथा जे.एन. महंत वार एट ला. रियासत के दीवान रहे। सन् 1945 में बी.एन. घोषाल इस रियासत में सहायक दीवान के पद पर कार्यरत थे।[13]

प्रशासन को युगानुरूप संवारने के उद्देश्य से आधुनिक संस्थाओं की तरह कुछ प्रशासनिक संस्थाओं का निर्माण उनके द्वारा किया गया।[14] यथा–शासन परिषद राज्य परिषद कार्याकारिणी परिषद और विधानसभा।

रायगढ़ रियासत में सर्वप्रथम राजा चक्रधर सिंह के कार्यकाल में सन् 1939 से शासन परिषद नामक संस्था का गठन किया गया।[15] जो रियासत के संपूर्ण प्रशासन तथा शासनतंत्र के संचालन के लिये उत्तरदायी थी। इस परिषद में राजा के अतिरिक्त दो अन्य सदस्य क्रमशः रियासत के दीवान अलदेव प्रसार मिश्र (अर्थ सचिव के रूप में) तथा राजा के निजी सचिव पं. लक्ष्मण प्रसाद मिश्र (गृह सचिव के रूप में) थे। राजा की अनुपस्थिति में दीवान इस परिषद की अध्यक्षता करता था। राजा का सचिव परिषद का पदेन सचिव था। प्रशासनिक नियंत्रण एवं संचालन हेतु राज्य के समस्त 12 विभागों में से क्रमशः राजनैतिक, कानून एवं न्याय, वित्त शिक्षा, पुलिस का तथा लोक निर्माण विभाग दीवान तथा गृह उद्योग एवं वाणिज्य आबकारी तथा लोक स्वास्थ्य विभाग सचिव के सीधे प्रभार रखे गये थ।

फरवरी 1945 में तात्कालीन पोलिटिकल एजेन्ट डी. एच. विरकोई द्वारा शासन परिषद के स्थान पर राज्य

परिषद का गठन किया गया।[16] इस परिषद में तीन सदस्य थे। रियासत के दीवान जे.एन. महन्त– विकास सदस्य, रियासत के सहायक दीवान– बी.एन. घोषाल–सामान्य सदस्य तथा सहायक पोलिटिकल एजेन्ट राय साहब एस.के. मैत्रा– वित्त सदस्य। ब्रिटिश नियंत्रण के कारण ही वित्त विभाग सहायक पोलिटिकल एजेन्ट को सौंपा गया था। ब्रिटिश नियंत्रण में राज्य परिषद कार्य करती रही, किन्तु राजा को पुनः शासनाधिकार प्राप्त होते ही इस परिषद का अंत हो गया।

रियासती जनता को उत्तरदायी शासन प्रदान करने के उद्देश्य से राजा चक्रधर सिंह द्वारा जून 1947 में कार्यकारिणी परिषद नामक संस्था का गठन किया गया।[17] इस प्रकार राजा चक्रधर सिंह के द्वारा पहली बार रियासत के प्रशासन में लोक प्रतिनिधित्व को महत्व दिया गया।

प्रशासन में प्रजा को भागीदारी प्रदान करने के उद्देश्य से विधान निर्मात्री संस्था के रूप में वर्ष 1939 में प्रजा परिषद नामक संस्था रायगढ़ रियासत में गठित की गई।[18] इसमें ग्रामीण क्षेत्र के 11 तथा शहरी क्षेत्र के 9 अर्थात कुल 20 सदस्य थे। सदस्यों का चुनाव रियासत की जिला परिषद तथा नगरपालिकाओं द्वारा किया जाता था। जिला परिषदों को अपने–अपने परगनों में से एक–एक गौटिया तथा नगरपालिकाओं को अपने क्षेत्र से एक–एक व्यापारी को निर्वाचित करना आवश्यक था। परिषद का एक निर्वाचित नेता होता था, पं. शिवप्रसाद नायक इस पद पर चुने गये थे।[19] किन्तु परिषद की अध्यक्षता रियासत का दीवान ही किया करता था। निर्णय बहुमत के आधार पर लिये जाते थे, किन्तु दरबार की स्वीकृति मिलने पर ही वे मान्य होते थे। इस परिषद का कार्यकाल तीन वर्ष रखा गया था, तथापि यह 6 1/2 वर्षो तक कार्य करती रही।

जब ब्रिटिश भारत में 2 सितंबर 1946 का अतःकालीन सरकार की स्थापना हुई तो अधिकांश देशी रियासतों की तरह रायगढ़ रियासत में भी अक्टूबर 1946 में विधानसभा का गठन किया गया। जिसमें राजा के अतिरिक्त 16 निर्धारित व 8 नाम निर्देशित सदस्य थे। विधानसभा का कार्यकाल सामान्यतः तीन वर्ष रखा गया था। प्रतिवर्ष सभा के दो अधिवेशन होने आवश्यक थे, किन्तु विशेष परिस्थिति में राजा, सभा के विशेष अधिवेशन आमंत्रित कर सकता था। सदस्यों के निर्वाचन के लिये संपूर्ण रियासत को 7 निर्वाचन क्षेत्रों में बांटा गया था जिसमें से 16 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली द्वारा निर्वाचित किये गये थे। सभा के सदस्यों की सदस्यता एवं मतदान की पात्रता विषयक विस्तष्त नियम बनाये गये थे। इस सभा का अध्यक्ष निर्वाचित सदस्यों में से नहीं वरन रियासत दीवान होता था, जो विधानसभा और शासक के मध्य महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता था।

निःसंदेह विधानसभा का निर्माण एक उत्साहवर्धक कदम था इस सभा ने अपने अधिवेशन भी आमंत्रित किये थे। किन्तु इसके निर्माण के 6 महीने के अन्दर ही रियासत के स्वतंत्र भारत संघ में विलीन हो जाने के कारण इसका अंत हो गया।

संदर्भः

1. प्यारेलाल गुप्त, प्राचीन छत्तीसगढ़ पृ. 251
2. दरबार आफिस, सारंगढ़ स्टेट, फाइल नंबर ए 3–1 (2) 45
3. एवल एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, रायगढ़ स्टेट, 1945 पृ. 5
4. अतुल कुमार श्रीवास्तव, रायगढ़ समूह की रियासतों की प्रशासनिक व्यवस्था, शोध प्रबंध, रविवि, रायपुर पृ. 120
5. एनुवल एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, रायगढ़ स्टेट, 1894, पृ. 53
6. एनुवल एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, रायगढ़ स्टेट, 1818, पृ. 25
7. एनुवल एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, रायगढ़ स्टेट, 1818, पृ. 25
8. एनुवल एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, रायगढ़ स्टेट, 1920, पृ.. 37
9. एनुवल एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, रायगढ़ स्टेट, 1922, पृ. 33

10. एनुवल एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, रायगढ़ स्टेट, 1928, पृ. 5
11. एनुवल एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, रायगढ़ स्टेट, 1924, पृ. 32
12. प्रोग्रेटिव रायगढ़ 1939, पब्लिश्ड अंडर स्टेट अथॉरिटी फ्राम रिफार्म आफिस, रायगढ़ स्टेट, 1930, पृ. 1 से 18
13. एनुवल एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, रायगढ़ स्टेट, 1942–44 पृ. 3 1945–46
14. प्रोग्रेटिव रायगढ़ 1939, पब्लिश्ड अंडर स्टेट अथॉरिटी फ्राम रिफार्म आफिस, रायगढ़ स्टेट, 1939,पृ. 3
15. अतुल कुमार श्रीवास्तव, रायगढ़ समूह की रियासतों की प्रशासनिक व्यवस्था शोध प्रबंध, रविवि, रायपुर, पृ.124
16. पूर्वोक्त
17. प्रोग्रेटिव रायगढ़ 1939, पब्लिश्ड अंडर स्टेट अथॉरिटी फ्राम रिफार्म आफिस, रायगढ़ स्टेट, 1939,पृ. 13
18. रायगढ़ समाचार (मासिक पत्रिका) रायगढ़ दरबार से प्रकाशित, अक्टूबर 1940, पृ. 133
19. प्रोग्रेटिव रायगढ़ 1939, पब्लिश्ड अंडर स्टेट अथॉरिटी फ्राम रिफार्म आफिस, रायगढ़ स्टेट, 1939, पृ. 13

✦

Mind and Society ISSN 2277-6907
Vol. 7, No. I & II , March & Jun 2018 Page 33-38

# जनजातीय महिलाओं में राजनैतिक जागरूकता की स्थिति का अध्ययन

*डॉ.ए.के.धमगाये
* *श्री के.आर.ठाकुर

Received 20 Feb. 2018 | Reviewed 02 March 2018 | Accepted 10 March 2018

*प्रस्तुत शोध पत्र में जनजातिय महिलाओं में राजनैतिक जागरूकता की स्थिति का अध्ययन राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखण्ड के संदर्भ में किया गया है। चुकि जनजातीय महिला जनप्रतिनिधियों को अपने पिता/पति के संरक्षण में कार्य करना पडता हैं जागरूकता के आभाव में सही गलत का फैसला न कर पाने के कारण भविष्य में होने वाली हानियों से अपरिचित रहते है। जनजातीय महिलाओं को आरक्षण के माध्यम से राजनैतिक विकास के अवसर तो प्रदान किये गये है। लेकिन ऐसी स्थितियाँ निर्मित नही कि गई कि वे अवसरो का लाभ उठा सके। जनजातीय महिलाओं की राजनीतिक समस्याये विपूल और बहू प्रकार की है सबसे बडी समस्या स्वनिर्णय है। इस शोध पत्र के माध्यम से जनजातीय महिलाओं के भीतर विधमान चेतना को प्रबल बनाना जिससे वे अपने आप को सुरक्षित महसुस कर सके। समाज व देश में समानता के साथ जीवन यापन कर सकें। इस बाबत् छुरिया विकासखण्ड के जनजातीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर साक्षात्कार प्रश्नावली के माध्यम से उनकी समस्याओं का जानकर हल निकालने का प्रयास किया गया है। अन्त में सुझावों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने प्रयास किया गया है।*

मध्यप्रदेश से अधिक आदिवासी छत्तीसगढ़ में निवास करते है राजनांदगांव जिले की बात की जाय तो यहां कुल आबादी का 29.28 प्रतिशत आदिवासियों का है जिसमें महिलाओं की प्रतिशत 53.2 के आस पास है। "छुरिया विकासखण्ड में 99 ग्राम पंचायत है जिनमें आदिवासी महिलायें संरपंच के रूप में प्रतिनिधित्व कर रही है उनकी संख्या बीस है"।[1] प्राचीन समय में छुरिया विकास खण्ड की बात की जाय तो यहां के आदिवासी स्वच्छंद रूप से जीवन यापन करते थे। आवश्यक संस्कार, जन्म, मृत्यु, विवाह आदि का लोक रितियों के अनुसार करते थे। उनमें रंगभेद या दैहिक गठन या जातिवाद भी नही पाया गया।

वर्तमान समय में जहां अनूसूचित जनजाति की महिलायें सभ्यता की दौड़ में आगे आकर आधुनिक सुख सुविधाओं का प्रयोग कर रही है। उनमें से कुछ अपने पुराने ढर्रे में ही मस्त है। यू कहा जा सकता है कि वे अपनी पुरानी पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही परम्पराओं को बदलना ही नही चाहते जिनका आज की नई पीढ़ी द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। जिससे नई एवं पुरानी पीढ़ियों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है।

*सहा. प्राध्यापक वाणिज्य शासकीय बाबा साहेब अम्बेडकर, महाविद्यालय डोंगरगांव
* *सहा. प्राध्यापक राजीतिविज्ञान शासकीय बाबा साहेब अम्बेडकर, महाविद्यालय डोंगरगांव

**पंचायती राज में जनजातिय महिलाओं की सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय :**

"महिलाओं को जागरूक बनाने तथा उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिये संविधान का 73 वां संशोधन इस क्षेत्र में उठाया गया एक ठोस कदम है।" [2] भारत की स्वतंत्रता के लिए जब देश में महिला नेतृत्व की बात की जाय तो यहां पर सिर्फ कुछ ही उच्च जातियों की महिलाओं की नाम सामने आती है। जबकि जनसंख्या की बहुसंख्यक पिछड़ी एवं अनुसूचित एवं जनजाति की महिलाओं को राष्ट्र की मुख्यधारा के ऊपर वर्गो से सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक विचारधाराओं में भाग लेना इनमें पुरूष अभिभावक पर ही निर्भर करता है। "महात्मा गांधी एवं डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ने महिलाओं को न्याय दिलाने के प्रयास किये और आधार शिला रखी। इन दोनों ने जातिगत भेदभाव एवं महिलाओं की परम्परागत स्थिति में सुधार लाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई"[3]।

अनूसूचित जनजातीय महिलाओं के लिए सामाजिक राजनीतिक न्याय को दूसरा पक्ष पंचायती राज (13) संविधान संशोधन अधिनियम पारित होने के साथ प्रारंभ होता है। इसकी महत्वपूर्ण विशेषता होती है। सम्पूर्ण देश में तीनों स्तरो पर सदस्य एवं अध्यक्ष पदो के लिये महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया। जो सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होगी उस पर पुरूष चुनाव नही लड़ेगे इससे जिले स्तर से महिला नेतृत्व की उभरने की आशा की जा सकती है इसमें स्थानीय अनूसूचित जनजातीय महिलाओं नेताओं का जन्म होगा आगे चलकर राज्यों एवं केन्द्रीय नेतृत्य को गतिशीलता प्रदान करेगे। यद्यपि आरम्भ में इनसें ज्यादा अपेक्षा करना ठीक नहीं है। किन्तु उनमें चेतना आयेगी और राजनीतिक जागरूकता बढ़ेगी एवं पंचायत के काम में बदलाव आयेगा।

"भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में स्थानीय स्वशासन ही ग्रामीण क्षेत्रों में सच्चा लोकतंत्र स्थापित कर सकता है।" [4] लोकतंत्र की बुनियादी कड़ी नई पंचायती राज व्यवस्था में अनूसूचित जनजातीय महिलाओं के साथ सामाजिक आर्थिक राजनीतिक, न्याय का बीज पड़ चुका है। किन्तु यह भी सत्य है इसमें बाधाएं है। पंचायती राज चुनाव से आरक्षित अनूसूचित जनजातीय महिलाओ की सीट से निचले स्तर पर पंच व सरपंच का चुनाव जीतकर आयी है। त्रिस्तरीय चुनाव का द्वितीय से प्रथम अवसर प्राप्त होने पर अधिकांश, अनूसूचित जनजातीय महिलाएं ऐसी होती है। जिन्हे अपने विषय में अपने आसपास जुड़े लोगों के विषय में खुद निर्णय लेने का अवसर उन्हे घर परिवार व समाज ने दिया है। इसके लिए जरूरी है कि अनूसूचित जनजातीय महिलाओं में आत्म विश्वास व नेतृत्व शक्ति कदम उठाये जाये वरना पुनः समाज यह बहाना करके कि अनपढ़ और अनुभव न होने के कारण शासन एवं विकास की जिम्मेदारी कैसे निभा सकती है। उनके इस अधिकार पर हावी न हो जाय इसके लिए महिलाओं को पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित कार्यो की जानकारी होना।

"विकास खण्ड में अनूसूचित जनजाति महिला नेतृत्व पंचायती राज व्यवस्था में अनूसूचित जनजाति की महिलाओं में नेतृत्व आरक्षण के माध्यम से उत्पन्न हुआ है। जिन सीटो पर अनूसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए पंच या सरपंच का पद आरक्षित है उन्ही पदो पर ही चुनाव लड़ते नहीं है[5]। यह अध्ययन राजनांदगांव जिले के संदर्भ में किया गया है इन महिलाओं की पारिवारिक पृष्ठ भूमि देखने पर पता चलता है कि ये आज भी कृषि कार्य पर लगे हुए है इनका अपना सुदृढ़ सामाजिक संगठन है धार्मिक सामाजिक समारोह में सम्पूर्ण जनजातीय महिलाओं का सक्रिय योगदान होता है अध्ययन से यह बात भी स्पष्ट हुई हे कि अन्य महिलाओं की अपेक्षा जनजातीय महिलाओं का विभिन्न सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में पुरूषों के बराबर स्थान होता है किन्तु जहां राजनीति की बात आती है जनजातीय महिलाओं की निर्णय लेने की क्षमता आश्रित पुरूषो पर ही आकर रूक जाती है। छुरिया क्षेत्र की प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनजातिय महिलाओं की समाजिक स्थिति उच्च होने के बाद भी आर्थिक और राजनैतिक आपदाओं का स्वयं प्रबंधन का नया सार्थक नेतृत्व प्रदान करने असफल रही है। इस प्रावधान के

आधार पर ग्राम पंचायत संस्थानो को संवैधानिक रूप प्रदान किया गया और समाज के तहत आने वाले समस्त वर्गो को यथोचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। ग्राम पंचायतो को विभिन्न कर्तव्यो शक्तियों एवं अधिकारो से प्रतिष्ठित किया गया है जिसका उद्देश्य पूरी व्यवस्था का विकेन्द्रीकरण करते हुए सभी महत्वपूर्ण कार्यो का संचालन स्थानीय स्तर पर किया जाता है।

अनूसूचित जनजातिय महिला सरपंचो द्वारा नेतृत्व ग्राम पंचायतो के कियान्वय का विश्लेषण और उसकी व्यवस्था की गयी है। इसमें ग्राम सभा ग्राम पंचायत गांवो की प्रमुख समस्या कार्य करने में आने वाली बाधाएं कल्याणकारी योजनाओं का कियान्यन से जुड़े महत्वपूर्ण मुददो को इसमें शामिल किया गया। ग्राम सभा ग्राम पंचायती राजव्यवस्था की एक ऐसी इकाई है। जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण रहती है वर्ष में ग्रामसभा

### अनुसूचित जनजाति की महिला और पुरूष प्रतिनिधियों का परस्पर संबंध

| क्र. | महिला और पुरूष प्रतिनिधियों का परस्पर संबंध | आवृति | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | बहुत अच्छे | 12 | 11.00 |
| 2 | अच्छे | 62 | 68.88 |
| 3 | सामान्य | 13 | 18.11 |
| 4 | औपचारिक | 01 | 03.00 |
| 5 | अच्छे नहीं | 02 | 06.00 |

उपरोक्त सारणी के आधार पर अनूसचित जन जाति की महिला और पुरूष प्रतिनिधियों का परस्पर संबंध 68.88 उत्तरदाताओं ने सबसे अच्छा बताया। सबसे कम 03 प्रतिशत उतरदाताओं ने एक औपचारिक बताया है अतः स्पष्ट है कि अधिक उत्तरदाताओं ने इसे अच्छा कहा यह महत्वपूर्ण है।

की बैठक की गणपूर्ति के लिए 1/10 सदस्यों कि उपस्थिति जरूरी होती है। ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीण विकास के लिए विभिन्न कार्यों की स्वीकृति मिलती है कल्याणकारी योजना ग्राम पंचायत की विकास योजना हितग्राहियो का चयन होना जिसे ग्राम सभा की मंजूरी आवश्यक होती है एवं कार्यो की सामाजिक अकेक्षण भी होती है। महिलाओं को राजनैतिक मोहरा बनाया जाता रहेगा तो महिलायें स्वतंत्र रूप से कार्य करने में असफल रहेगी व हमेशा आश्रित होकर कार्य करने वाली बन जावेगी उनके हित में ऐसे रचनात्मक एवं सकारात्मक अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि इनका समग्र विकास हो। छुरिया विकास खण्ड में महिला जनप्रतिनिधि से साक्षात्कार लिये गये जिसके परिणाम निम्नानुसार है।

## जनपद पंचायत और जिला पंचायत के स्तर के प्रतिनिधियों संबंध

| जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों से संबंध | | | |
|---|---|---|---|
| क्र. | | आवृति | प्रतिशत |
| 1 | बहुत अच्छे | 06 | 6.66 |
| 2 | अच्छे | 64 | 71.12 |
| 3 | सामान्य | 16 | 17.77 |
| 4 | औपचारिक | 02 | 02.22 |
| 5 | अच्छे नहीं है | 02 | 02.22 |
| | योग | 90 | 00.0 |

ऊपर दी गई सारणी के आधार पर जनपद पंचायत और जिला पंचायत के स्तर के प्रतिनिधियों से संबंध स्पष्ट किया गया इसके अन्तर्गत केवल 71.12 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अच्छे बताये 17.77 प्रतिशत उत्तरदाताओं को सामान्य कहा अतः स्पष्ट है कि जनपद पंचायत और जिला पंचायत के प्रतिनिधियों से अच्छे संबंध होते है यह जानकारी बहुत महत्वपूर्ण मानी जा सकती है।

## शासकीय अधिकारियों से संबंध :

| शासकीय अधिकारियों से संबंध | | | |
|---|---|---|---|
| क्र | | आवृति | प्रतिशत |
| 1 | बहुत अच्छे | 05 | 5.55 |
| 2 | अच्छे | 58 | 64.45 |
| 3 | सामान्य | 02 | 02.23 |
| 4 | औपचारिक | 03 | 03.33 |
| 5 | अच्छे नहीं | 100 | 100.00 |
| | योग– | | |

उपरोक्त सारणी के आधार पर शासकीय अधिकारीयों से 64.45 उत्तरदाताओं ने अच्छे बताया जबकि 25.44 प्रतिशत उत्तरदाताओं में सामान्य बताया है अतः स्पष्ट है सरपंचो का शासकीय अधिकारियों से सम्पर्क रहते है यह सही जिम्मेदारी अपने को अपनाती है।

**अनूसूचित जनजातीय महिलाओं में आज के युग की माँग :**

अनूसूचित जनजातीय महिलाओं में आज की युग की मांग में प्रेरणा की आवश्यकता दो प्रकार की होती है एक तो वह व्यक्ति स्वयं प्रेरित होता है ओर दूसरा जब कोई प्रेरित करता है। जब महिलायें स्वयं प्रेरित होगी तो उनके हाथ में घर परिवार समाज सभी आ जायेगी बस उन्हे एक प्रेरणा की आवश्यकता है। वे तत्काल उठकर काम में जूट जायेगें। महिला एक बार हाथ में लिया हुआ काम बीच में कभी नहीं छोड़ती पुरूष ही कोई काम बीच में छोड़ देता है जनजातीय महिलाओं में धर्म बुद्धि जागृत के कारण ही उनके हाथ में राजनैतिक काम सौपने में कोई हर्ज नही होना चाहिए।

सुझावः

**महिलाये पुरूषों की लाज रखेः** [4]"हमारे समाज की रचना पहले ही ऐसी बनी है कि बायी ओर स्त्रियां दाहिने ओर स्त्रियां रहती है आज हमारे समाज की स्थिति उल्टी हो गई है स्त्रियां पिछड़ गयी और पुरूष आगे बढ़ गये है सच पूछिये जो सब महिलाओं को समाज को अपने हाथ में लेना चाहिए उन्हे और समाज में आगे ले जाना चाहिए।

जनजातीय महिलाओं के मस्तिष्क में समाज सेवा कूट – कूट कर भरी रहती है। ये जो भी कार्य करेगी अच्छा ही करेगी राजनीति के क्षेत्र में अगर इनकी शक्ति का प्रयोग संतुलित ढंग से किया जाए तो देश समाज में बहुत बड़ी क्रांति आ सकती है।

**कुछ अलग करने की चाहः** लोग उसे पागल कहते है फिर भी वह किसी की परवाह नहीं करती ऐसे ही लोग देश व समाज के लिए कुछ ऐसा कर जाते है चाहे मीराबाई हो या रामकृष्ण। रामकृष्ण ने अपनी पत्नी को देवी समझकर पूजा किया मूर्ति के सामने बैठकर जैसे सुंगध फूल से पूजा किया जाता है वैसे उन्होने किया तो पत्नी का जीवन परिवर्तन हो गया। आज आवश्यकता है, समाज में फैले नशा खोरी को दूर करने के लिए कार्य किया जाय। जैसे – पग घुंघरू बांध मीरा अमर हो गई। छत्तीसगढ़ में कलारिन बहादुर जैसे महिला जिन्होने कुछ अलग हटकर काम किया। वैसे ही आवश्यकता आज के अनूसूचित जनजाति की महिला को है।

**आर्थिक स्थितियों की ओर ध्यान देनाः**

आर्थिक समस्या आज भी अनूसूचित जनजाति की महिलाओं की सर्वाधिक गंभीर समस्या है इनका समाधान करने के लिए रोजगार के अवसरो में वृद्धि

करने के साथ ही स्वरोजगार की सुविधाओं को बढ़ाना आवश्यक है जनजातीय ग्रामों में सहकारी समितियों की स्थापना करके उचित मजदूरी देने ठेकेदारी तथा अधिकारियों द्वारा उनके शोषण को रोकना एवं कम ब्याज दर पर श्रमिक के लिए ऋण सुविधा देने से भी उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है जनजातीय क्षेत्रों में काम करने वाले अधिकारियो और कर्मचारियों में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोका जाय।

**सांस्कृतिक संरक्षण** : जनजातीय संस्कृति की रक्षा उन्हें स्वास्थ मंनोरजन प्रदान करना आवश्यक है। जनजातीय क्षेत्रो में केवल उन्हीं अधिकारियों की नियुक्ति की जानी चाहिए जो उनकी भाषा तथा संस्कृति से परीचित हो।

**सामाजिक समस्याओं का सामाधानः** जनजातीय महिलाओं के समस्याओं के लिए आवश्यक है कि जनजातीय नेताओं की सहायता से लोगों के विचारो और मनोवृतियों में परिवर्तन हो यह कार्य प्रत्येक गाँव और जनजातीय परिषद की स्थापना करके किया जा सकता है।

**व्यवहारिक शिक्षा के प्रयासः** आदिवासी महिलाओं में व्यवहारिक शिक्षा कृषि दस्तकारी, कृषि उपकरणो के निमार्ण तथा हस्तशिल्प, कढ़ाई, बुनाई सिलाई, सम्बंधित होनी चाहिए। शिक्षा के द्वारा जनजातीय क्षेत्रो में पशुपालन, मछली पालन, मुर्गोपालन, बकरी पालन, मधुमक्खी पालन, सिलाई कड़ाई को भी प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।

निष्कर्षः लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की प्रणाली को अपनाते हुए पंचायती राज की व्यवस्था का पुर्नस्थापन किया जाना। कुल जनसंख्या में अनूसूचित जनजाति महिला आबादी के अनुरूप पंचायतो के वार्ड अनूसूचित जनजाति महिला सुरक्षित रखे जाते है। पंचायते प्रजातंत्र की प्रथम इकाई है। ग्रामीण जनजीवन के स्तर को उन्नत बनाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका है। उनके कर्तव्य और दायित्व व्यापक विकास की दृष्टि से सुनिश्चित किये गये है। ग्राम पंचायत के जिम्मे मुख्यतः गाँव का नगरीय प्रशासन रहता है गाँव में शुद्ध पेयजल व्यवस्था, सफाई, प्रकाश व्यवस्था घाट, सड़क व पुलियो का निर्माण व मरम्मत असहाय निराश्रितों की सहायता परिवार कल्याण वृक्षारोपण भी महिला और बाल कल्याण कार्यक्रम मुख्य कार्य है। अनूसूचित जनजाति की महिला सरपंचों द्वारा ग्राम पंचायत अपने कार्यो को करते है। ग्राम पंचायत के स्तर के समाज विभागों के विभाग कार्यक्रमों में हितग्राहियों का चयन का अनुमोदन पंचायत द्वारा किया जाता है। इसके लिये आवश्यक कर दिया गया है कि ग्राम पंचायत की बैठक प्रतिमाह चार बार हो। इसके साथ – साथ निस्तारी तलाबों का देखरेख ग्राम पंचायत करेगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त करने तथा निराश्रितो की सहायता से सम्बंधित कार्य ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत की बैठक में अनुमोदित करके किया जाता है। आंगनबाड़ी में हितग्राहियों को पोषण आहार का वितरण ग्राम पंचायत की देखरेख में किया जायेगा। निस्तारी लकड़ी तथा बांस बल्ली वितरण का कार्य ग्राम पंचायत के माध्यम से होगा। ग्रामीण आवास योजना का क्रियान्वयन ग्राम पंचायत द्वारा किया जायेगा। रोग निरोधक टीकाकरण ग्राम पंचायत के सहयोग और नियंत्रण में संचालित होगा।

**संदर्भ :**

1. जनपद पंचायत छुरिया, सांख्यकीय पुस्तिका 2015

2. शर्मा, डॉ. श्रीनाथ एवं डॉ. मनोज कुमार (2009), ***पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास,*** अर्जुन पब्लिसिग हाऊस दिल्ली, पेज नं. 113

3. राजकुमार (2009), ***नारी के बदलने आयाम,*** अर्जुन पब्लिसिग हाऊस दिल्ली 2009–डॉ , पेज नं. 121,

4. यादव, धर्मेन्द्र सिंह, (2006), ***पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास,*** रावत पब्लिकेशन्स नई दिल्ली 2006, पेज नं. 53

5. नरूला (2009), ***पंचायती राज व्यवस्था,*** अर्जुन पब्लिसिग हाऊस दिल्ली 2009–वी.सी.

✦

Mind and Society ISSN 2277-6907
Vol. 7, No. I & II , March & Jun 2018 Page 39-42

# भारत में महिलाओं की स्थिति एवं विकास : एक परिदृश्य

*डॉ. मनीष कुमार साव,

Received 07 Apirl 2018 | Reviewed 14 April 2018 | Accepted 20 April 2018

*प्राचीनकाल में महिलाओं को समाज में सर्वोपरि स्थान प्राप्त था और उन्हें सुख–समृद्धि, शंति, वैभव और ज्ञान का प्रतीक माना जाता था। धर्मश्सास्त्र काल में महिलाओं की स्थिति और भी खराब हो गई क्योंकि वैदिक नियमों का परित्याग कर दिया गया था और महिलाओं को सम्पत्ति के अधिकार से वंचित कर दिया था। ब्रिटिश काल में भी महिलाओं की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। इस काल में भारतीय समाज सुधारकों द्वारा महिलाओं की स्थिति में सुधार हेतु कुछ प्रयास किए गए। स्वतत्रंता प्राप्ति के पष्चात् भारतीय समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन का दौर आरंभ हुआ है। कानूनी व्यवस्था, राजनैतिक आदर्श और पश्चिमी शिक्षा के प्रसार से समाज में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों में परिवर्तन का संचार हुआ है। पंचवर्षीय योजनाओं में महिला शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक स्तर पर सुधार आदि को प्रमुखता दी गई है। महिलाओं के साथ कार्य स्थलों पर भेदभाव, शारीरिक शोषण, मानसिक प्रताड़ना और उनके अन्य कई प्रकार के अधिकारों का हनन अब भी किया जा रहा है। अतएव महिलाओं की स्थिति में सुधार की काफी जरूरत है।*

भारत में महिलाओं की स्थिति समय–समय पर बदलती रही है। प्राचीनकाल में महिलाओं को समाज में सर्वोपरि स्थान प्राप्त था और उन्हें सुख–समृद्धि, शांति, वैभव और ज्ञान का प्रतीक माना जाता था। वैदिककाल महिलाओं का स्वर्णिम काल था। इस काल में महिलाओं का परिवार एवं समाज में महत्वपूर्ण स्थान था और उन्हें सभी तरह की आजादी प्राप्त थी। वे घर से बाहर स्वच्छन्दता पूर्वक विचरण करती थी, अपनी इच्छा से विवाह करती थी और विधवाएँ पुनर्विवाह करने के लिए स्वंतत्र थी। महिलाओं की सहभागिता के अभाव में धार्मिक अनुष्ठानों को अधूरा माना जाता था। इस काल में बाल–विवाह और पर्दा–प्रथा का प्रचलन नहीं था। [1]

लेकिन बाद में कालों में महिलाओं की स्थिति में ह्रास हुआ। उत्तर–वैदिक काल से महिलाओं की स्थिति में गिरावट आरंभ हुआ। इस काल में महिलाओं के लिए वेदों का अध्ययन वर्जित कर दिया गया और विधवा पुनर्विवाह निषेध कर दिया गया। साथ ही समाज में बाल–विवाह का प्रचलन आरंभ हुआ जिसने महिलाओं की स्थिति बिगड़ने लगी।

धर्मशास्त्र काल में महिलाओं की स्थिति और भी खराब हो गई क्योंकि वैदिक नियमों का परित्याग कर दिया गया था और महिलाओं को सम्पत्ति के अधिकार से वंचित कर दिया था। इससे महिलाओं का स्वाभिमान और आर्थिक स्वावलंबन समाप्त हो गया और वे सामाजिक एवं धार्मिक संकीर्णता से ग्रस्त हो गई। मध्यकालीन काल जो मुगल साम्राज्य का काल था, में मुगलों से भारतीय संस्कृति एवं महिलाओं की अस्मिता की रक्षा के संरक्षण हेतु ब्राह्मणों द्वारा कठोर नियमों को लागू किया गया जिसमें 5 से 8 वर्ष की आयु में बालिका विवाह, पर्दा–प्रथा का चलन, सती–प्रथा का चलन आदि कुछ प्रमुख थे। इस काल में एक पत्नी के

*सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान, शासकीय एम.एम.आर. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांपा (छ.ग.)

रहते दूसरी पत्नी को रखना सामाजिक प्रतिष्ठा की बात समझी जाती थी। इन्हीं नियमों के कारण भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति में तेजी से गिरावट हुई।[2]

ब्रिटिश काल में भी महिलाओं की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। इस काल में भारतीय समाज सुधारकों द्वारा महिलाओं की स्थिति में सुधार हेतु कुछ प्रयास किए गए। राजा राममोहन राय द्वारा ब्रहम समाज की स्थापना की गई, जो सती–प्रथा के विरूद्ध था। महर्षि दयानन्द द्वारा आर्य समाज की स्थापना की गई, जो मुख्यतः वैदिक आदर्शो की पुर्नस्थापना का प्रयास था। इसी तरह ईश्वरचन्द विद्यासागर ने शिक्षा पर बल दिया गया। भारतीय समाज सुधारकों द्वारा किए गए प्रयत्नों के परिणाम स्वरूप ही ब्रिटिश सरकार ने महिलाओं के उत्थान हेतु कुछ कानून बनाएँ जिनमें निम्नलिखित प्रमुख थे–

1. सती प्रथा निषेध अधिनियम, 1829
2. हिन्दु विधवा पुर्नविवाह अधिनियम, 1856
3. बाल–विवाह निरोधक अधिनियम, 1929
4. अलग रहने एवं भरण–पोशण के लिए महिलाओं का अधिकार अधिनियम, 1946

**स्वतंत्रता पश्चात् महिलाओं की स्थितिः**

स्वतत्रंता प्राप्ति के पश्चात् भारतीय समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन का दौर आरंभ हुआ है। कानूनी व्यवस्था, राजनैतिक आदर्श और पश्चिमी शिक्षा के प्रसार से समाज में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों में परिवर्तन का संचार हुआ है। देश में बढ़ता औद्योगिकरण ने लोगों के जीवन शैली को बदला है। इन सब का सम्मिलित प्रभाव महिलाओं पर भी पड़ा है। शहरी महिलाएँ शिक्षा के प्रति संवदेनशील हुई है और वे रोजगार एवं आर्थिक स्वावलंबन की और उन्मुख है। ग्रामीण महिलाएँ इस दिशा में पिछड़ी हुई है। लेकिन सरकारी प्रयासों और संविधान प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के द्वारा उन्हें भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया जा रहा है और उनकी स्थिति में सुधार पर बल दिया गया है।

**संविधान प्रदत्त संवैधानिक अधिकारः**

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश में लागू किया गया संविधान नागरिकों को कुछ संवैधानिक अधिकार दिए है जो उनके दशा को बेहतर बनाता है और समाज में भेदभाव को समाप्त करता है। संविधान का अनुच्छेद 14 महिलाओं और पुरूषों को राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है। इसी तरह अनुच्छेद 15 महिलाओं को जहाँ समानता का अधिकार प्रदत्त करता है, वहीं अनुच्छेद 16 सभी नागरिकों को रोजगार का समान अवसर देता है चाहे महिला हो या फिर पुरूष।[3] संविधान का अनुच्छेद 39 सुरक्षा एवं समाज काम के लिए समान वेतन की वकालत करता है।

सरकार ने महिलाओं के विभिन्न संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु उनसे संबंधित कई कानून भी बनाए है जिससे कि महिलाओं को संरक्षण प्राप्त हो सकें, शोषण एवं उत्पीड़न का सामना न करना पड़े और पूरे सम्मान से समाज में अपना जीवन जी सकें। कुछ महत्वपूर्ण कानून इस प्रकार है :

1. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948
2. हिन्दु विवाह अधिनियम (1976 में संशोधित)
3. देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 (1986 में संशोधित)
4. दहेज निवारण अधिनियम, 1956 (संशोधित 1986 में),
5. अश्लील चित्रण निवारण एक्ट, 1986
6. सती प्रथा निवारण अधिनियम, 1986
7. प्रसव पूर्व निदान तकनीक (विनिमय एवं दुरूपयोग निवारण) अधिनियम, 1994 जो भ्रूण पहचान को अवैध घोषित करता है, (संशोधित 2002)
8. हिन्दू उत्तराधिकारी (संषोधन) अधिनियम, 2005 और
9. घरेलू हिंसा से संरक्षण विधेयक, 2005 ।

**पंचवर्षीय योजनाएँ और महिलाएँः**

स्वाधीनता के पश्चात् अपनाई गई नियोजित विकास की प्रक्रिया के अंतर्गत पंचवर्षीय योजनाओं में भी महिलाओं के विकास की धारणा कल्याणोमुखी रही है। पंचवर्षीय योजनाओं में महिला शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन,

सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक स्तर पर सुधार आदि को प्रमुखता दी गई है। महिलाओं को शक्ति सम्पन्न और अधिकार सम्पन्न बनाकर उनके माध्यम से सामाजिक परिवर्तन और विकास को योजनाओं के लक्ष्य के रूप स्वीकार किया गया है। डवाकरा, ट्राइसेम, इंदिरा महिला योजना, महिला समृद्धि योजना, महिला एवं सिद्ध योजना, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय पोषाहार मिशन योजना, जीवन भारती महिला सुरक्षा योजना, कस्तूरबा गांधी शिक्षा योजना, महिला शक्ति पुरस्कार योजना, मौलाना आजाद राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना, वंदेमातरम् योजना आदि प्रमुख योजनाएँ है जिन्हें पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत लागू किया गया है[4] और महिलाओं की स्थिति को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया गया है।

**मूल्यांकनः**

उपर्युक्त तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि स्वतत्रंता पश्चात् महिलाओं के कल्याण, उनका विकास और सुदृढ़िकरण को प्राथमिकता दी गई। समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विधायी उपायों, कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों को अर्थव्यवस्था में लागू किया गया है। विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन का ही यह परिणाम है कि वर्तमान समय में महिलाएँ अपने अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति सजग हुई है और उन्हें स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की भावना बलवति हुई है। सन् 1951 में महिला साक्षरता 8.86 प्रतिशत थी जो बढ़क 2011 में 65.46 प्रतिशत हो गई। महिला शिक्षा के स्तर में सुधार के कारण काम–काजी महिलाओं का प्रतिशत 1961 में 19.7 थी, बढ़कर सन् 2011 में 25.7 प्रतिशत हो गई।

शहरी क्षेत्र की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की स्थिति में धीमी गति से सुधार हो रहा है। पंचायती राज व्यवस्था के क्रियान्वयन और उसमें महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत (छत्तीसगढ़ में 50 प्रतिशत) का आरक्षण की व्यवस्था ने ग्रामीण महिलाओं में एक नये उत्साह का संचार किया है। वर्तमान समय में बहुत सारी ग्रामीण महिलाएँ मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायती समिति सदस्य है। अब ग्रामीण महिलाएँ भी समाज में अपनी उपस्थिति का एहसास करा रही है और वे भी अपने विभिन्न अधिकारों और दायित्वों के प्रति सजग एवं जागरूक होती जा रही है। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार महिला श्रमिकों की संख्या देश की कुल महिलाओं का 25.6 प्रतिशत है और इसमें से अधिकांश श्रमिक ग्रामीण क्षेत्रों से है। ग्रामीण क्षेत्र की महिला श्रमिकों में जहाँ 87 प्रतिशत खेतिहर मजदूर है, वहीं शहरी क्षेत्र में 80 प्रतिशत श्रमिक महिलाएँ घरेलू उद्योगों, छोटे–छोटे व्यवसायों एवं नौकरियों और भवन निर्माण जैसे असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत है।[5]

पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत क्रियान्वित कल्याणकारी और विकासोन्मुख कार्यक्रमों एवं विभिन्न विधायी उपायों के फलस्वरूप देश में महिलाओं की स्थिति में निःसंदेह सुधार है, लेकिन कुछ आंकड़े ऐसे भी है जो महिलाओं की दुर्बल स्थिति को दर्शाता है। प्रतिवर्ष 1.25 लाख महिलाओं का प्रसव के दौरान मृत्यु होना, 72 प्रतिशत गर्भवती ग्रामीण महिलाओं का निरक्षर होना, 50 प्रतिशत सामान्य और 70 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एनीमिया रोग से पीड़ित होना, कुपोषण के कारण 25 प्रतिशत बच्चों का प्रसव अवधि के पूर्व जन्म लेना, प्रतिवर्ष 1.30 करोड़ जन्म लेने वाली लड़कियों में से 30 प्रतिशत लड़कियों का 15 वर्ष की आयु प्राप्ति के पूर्व ही मृत्यु हो जाना, वृहत स्तर पर कन्या–भ्रूण हत्या किया जाना और महिला–पुरूष अनुपात में असंतुलन रहना आदि बताते है कि समाज में महिलाओं की स्थिति अब भी संतोषप्रद नहीं है।

ग्रामीण महिलाओं की स्थिति में भी असंतोषजनक हैं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं का शोषण अधिक है। गाँवों में महिलाएँ अल्प आयु से ही बाल श्रमिक के रूप में कार्य करने लगती है। छोटी उम्र में शादी और पारिवारिक दायित्वों के बोझ से इनका शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास बाधित है। इन महिलाओं को अपने वैधानिक अधिकारों के बारे में जहाँ अल्प ज्ञान हैं, वहीं अन्य कल्याणकारी और विकासात्मक योजनाओं की भी जानकारी आधा–अधूरा ही है या फिर उससे अनभिज्ञ है।[6]

**सुझावः**

यद्यपि महिलाएँ रोजगार के सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है औरन उनकी कार्य स्थितियों में सुधार हुआ है, उन्हें रोजगार के बेहतर अवसरों के साथ–साथ कानूनी सुरक्षा प्राप्त हुई है और उनके विकास की समुचित प्रबंध किया गया है तथापि उनके साथ कार्य स्थलों पर भेदभाव, शारीरिक शोषण, मानसिक प्रताड़ना और उनके अन्य कई प्रकार के अधिकारों का हनन अब भी किया जा रहा है। अतएव महिलाओं की स्थिति में सुधार की काफी जरूरत है। इस दृष्टि से निम्नांकित तथ्यों पर ध्यान देने की जरूरत है :

1. महिलाओं में जागृति उत्पन्न की जाए और उनके आत्म विश्वास को जगाया जाये ताकि वे अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझ सकें। इसके लिए महिला शिक्षा की ठोस व्यवस्था करने की आवश्यकता है। बालिकाओं एवं महिलाओं में शिक्षा के प्रसार को प्राथमिकता देने की सख्त आवश्यकता है। वैसी महिलाएँ जो पढ़ने लिखने की अवस्था पार कर चुकी है, उन्हें महिला प्रशिक्षकाओं की समुचित व्यवस्था पर शिक्षण एवं प्रशिक्षण देना चाहिए।

2. बाल–विवाह की मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है ताकि बालिकाओं को पूर्ण व्यक्तित्व विकसित हो सकें। यह काम भी शिक्षा के प्रसार से संभव है।

3. उच्च विद्यालय के उपर की बालिकाओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि वे आर्थिक स्वावलंबन प्राप्त कर सके और आत्मनिर्भर बन सकें।

4. महिला विकास कोष से अधिक ऋण की व्यवस्था की जाने की आवश्यकता है जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमशीलता को प्रोत्साहन मिल सकें।

5. महिला संरक्षण सं संबंधित विभिन्न कानूनों का वास्तविक एवं कड़ाई क्रियान्वयन की आवश्यकता है। इसके लिए प्रशासन एवं पुलिस को मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार करने की पहल वांछनीय है।

6. महिला उत्पीड़न, हिंसा, शोषण, बलात्कार जैसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं उसका त्वरित निष्पादन की आवश्यकता है, तभी महिलाओं का विधायी व्यवस्था एवं प्रशासन में विश्वास बढ़ेगा और वे समाज में भयमुक्त होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकेगी।

**निष्कर्षः**

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि देश में पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत कल्याण से लेकर विकास तक और विकास से लेकर शक्ति सम्पन्न होने तक के सभी कार्यक्रमों में महिलाओं को विशेष स्थान दिया गया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार द्वारा क्रियान्वित महिलाओं के उत्थान से संबंधित सभी योजनाओं में आम नागरिकों और गैर–सरकारी संस्थाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित किया जाय तभी भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति सुखद, स्तरीय और सम्मानजनक बन सकेगी।

**संदर्भः**

1 झा, डी.एन (1997), ***प्राचीन भारत की रूपरेखा,*** पीपुल्स पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।

2 मित्तल,ए.के. (2002), ***मध्यकालीन भारत का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास***, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।

3 डी.डी. बासु (2012), ***भारतीय संविधान***

4 एस.सी. सिंहल (2015), ***समकालीन राजनीति मुद्दे*** लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा ।

5 रूद्रदत्त एवं के.पी. सिंहल (2017),***भारतीय अर्थव्यवस्था***, एस.चन्द एण्ड सुन्दरम् कम्पनी लिमिटेड,रामनगर, नई दिल्ली।

6 सवलिया बिहारी वर्मा (2017), ***ग्रामीण विकास*** (सम्पादित) आविष्कार

✦